# 50 लाख की सरकारी भूमि पर बोई आलू-सरसों की फसलें उजाड़ी

### जौरा एसडीएम ने भैंसरौली में कब्जा मुक्त कराई सरकारी जमीन



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 14 नवंबर।** जिले में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई है। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम भैंसरौली में शासकीय भूमि पर किए गए बड़े पैमाने के अवैध कब्जे को हटाते हुए लगभग 50 लाख रुपये मूल्य की भूमि मुक्त कराई।

एसडीएम जौरा शुभम शर्मा ने बताया कि ग्राम भैंसरोली की शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 241 रकबा 4.38 हेक्टेयर में से 1.20 हेक्टेयर और सर्वे क्रमांक 327 रकबा 4.76 हेक्टेयर में से 0.30 हेक्टेयर, कुल लगभग साढ़े सात बीघा भूमि पर अवैध रूप से आलू और सरसों की फसल बोई गई थी। इसके साथ ही ईंटों से निर्माण कर अतिक्रमण को स्थायी रूप देने का प्रयास भी किया जा रहा था। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर अवैध फसल नष्ट कर निर्माण कार्य हटवा दिया।

**ग्रामीण की शिकायत पर की गई थी कार्रवाई :** यह कार्रवाई ग्राम निवासी किशोर पुत्र जसरत सिंह की शिकायत पर की गई, जिसमें शासकीय भूमि पर अवैध फसल बोने और निर्माण किए जाने की जानकारी दी गई थी। शिकायत की जांच उपरांत प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए कब्जा तुरंत हटाया।



**जुगतीपुरा में भी एक हेक्टेयर सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण**

सबलगढ़ क्षेत्र के ग्राम जुगतीपुरा में सर्वे नंबर 81 पर स्थित 6 .68 हेक्टेयर सरकारी जमीन में से एक हेक्टेयर नोईयत पहाड़ की जमीन पर आरोपी उत्तम एवं सरनाम पुत्रगण बद्री गुर्जर ने बाड़बंदी कर अतिक्रमण कर लिया था। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर सबलगढ़ एसडीएम मेघा तिवारी ने तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने भेजा। तहसीलदार ने पुलिस फोर्स व राजस्व विभाग की टीम के साथ सरकारी जमीन से बाड़बंदी हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराई।



## कैलारस में कार्यकर्ताओं ने मनाया बिहार जीत का जश्न

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 नवम्बर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत पर कैलारस मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह भदौरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान्न वितरण भी किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा उपाध्यक्ष केशव पाराशर, रामराज सिंह सिकरवार, कोमल शुक्ला, गगनदीप गौड़, पूरन गौड़, हेमंत धाकड़, दीपू गौड़, राहुल बंसल, दिनेश हरदैनिया, दिलीप जगा, राजू प्रजापति, सतेन्द्र सिकरवार, मयंक गगर्क, मुकेश मराठा, पिंटू परमार आदि उपस्थित थे।

## संजीवनी हॉस्पीटल में नि :शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर कल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 14 नवंबर।** शहर के बड़ोखर क्षेत्र में स्थित संजीवनी हॉस्पीटल में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन कल 16 नवंबर को किया जाएगा। यह शिविर रविवार की सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा।

इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सूरज डंडौतिया दिल्ली, गैस्ट्रो सर्जन, पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद सिंह, नाक-कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. राखी डंडौतिया द्वारा मरीजों का परीक्षण करने के बाद नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।





संजीवनी हॉस्पीटल के संचालक डॉ. योगेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि इस शिविर में मरीजों की ब्लडप्रेशर, शुगर, ईसीजी सहित अन्य जांचें और एक्स-रे नि:शुल्क किए जाएगें।

शिविर में चिन्हित मरीजों की एण्डोस्कोपी संजीवनी हॉस्पीटल में नि:शुल्क की जाएगी। इसके साथ ही चिन्हित मरीजों के नाक, कान, गला से संबंधित, घुटना, कूल्हे की हड्डी का प्रत्यारोपण और हड्डियों के फ्रेक्चर संबंधी ऑपरेशन नि:शुल्क किए जाएगें।

## जपं जौरा की बैठक में नहीं पहुंचे सदस्य, कोरम अधूरा, स्थगित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 14 नवंबर।** जनपद पंचायत जौरा की सामान्य सभा की बैठक 14 नवंबर को बुलाई गई थी। शुक्रवार को बुलाई

**शुक्रवार को बुलाई गई थी साधारण सभा की बैठक**

गई इस बैठक में जनपद के निर्वाचित 25 सदस्यों में से महज 10 सदस्य ही उपस्थित हुए। सदस्यों की उपस्थिति का कोरम पूरा न होने पर बैठक को स्थगित कर दिया गया।

शुक्रवार को बुलाई गई जपं की बैठक में स्वास्थ्य खराब होने की वजह से अध्यक्ष प्रिया नरेन्द्र



सिकरवार अनुपस्थित थी। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष राजेश राजपूत ने की। बैठक में दोपहर 12 बजे तक महज 10 सदस्य ही उपस्थित हुए। सदस्यों की कम उपस्थिति को देखते हुए जपं सीईओ कुलदीप श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष राजपूत ने दोपहर 12.45 बजे तक सदस्यों के पहुंचनें का इंतजार किया। लेकिन वे नहीं पहुंचें। उपस्थिति का कोरम पूरा करने के लिए निर्वाचित 25 सदस्यों में से 13 सदस्यों का उपस्थित रहना जरूरी था, लेकिन बैठक में 10 सदस्यों के उपस्थित होने पर कोरम पूरा नहीं हुआ, तब उपाध्यक्ष राजेश राजपूत ने बैठक को स्थगित किए जाने की घोषणा की। बैठक के दौरान एसडीओपी नितिन बघेल, टीआई दर्शन शुक्ला सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।

**स्थगित होने के बाद पहुंचें जपं सदस्य, बैठक को लेकर हुई बहस :** दोपहर 12.45 बजे तक उपस्थिति का कोरम पूरा न होने पर अध्यक्षता कर रहे राजेश राजपूत ने बैठक को स्थगित कर दिया। जिसके कुछ देर बाद जपं सदस्य नरेन्द्र सिकरवार टिंकू, मोइन खान सहित अन्य सदस्य वहां पहुंच गए। उनके द्वारा जपं सीईओ से बैठक शुरू किए जाने की मांग की जाने लगी। जिसे लेकर सीईओ ने कहा कि समयसीमा में उपस्थित न होने की वजह से बैठक स्थगित कर दी गई है। इसी बात को लेकर जपं सदस्यों के बीच बहस भी हुई।

**इनका कहना है...**

दोपहर 12.30 बजे तक सदस्यों का इंतजार किया गया। कोरम पूरा न होने पर बैठक स्थगित कर दी गई है।

**- राजेश राजपूत**
**उपाध्यक्ष, जनपद जौरा**

निर्धारित समय तक उपस्थिति का कोरम पूरा नहीं हुआ। जिसके चलते अध्यक्षता कर रहे जपं उपाध्यक्ष ने बैठक को स्थगित कर दिया।

**- कुलदीप श्रीवास्तव**
**सीईओ, जपं जौरा**

### एक नजर में

**बिहार में एनडीए की जीत जनता के विश्वास की प्रतीक : अखिल**

**मुरैना/जौरा, 14 नवंबर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन



को मिली ऐतिहासिक जीत पर जौरा नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और मिष्ठान्न वितरण किया। जश्न के मौके पर नपाध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने कहा कि बिहार चुनाव में एनडीए को मिली जीत जनता का भाजपा नीत गठबंधन और पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ विजय उत्सव नहीं बल्कि जनता की सेवा के हमारे संकल्प को दृढ़ करने का झण है। इस मौके पर डॉ . आशाराम कुशवाह, मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, सुनील सिंहल, अमित सिंहल, शगुनचंद्र जैन, रामबरन सिंह गुर्जेर, सतेन्द्र सिकरवार, हरेन्द्र सिंह सिकरवार, वासुदेव गौड़, आशु सिकरवार, सोनू गौड़ आदि उपस्थित थे।

**टोंगा में 3 शिक्षक मिले अनुपस्थित, मिड-डे मील में मिलीं अव्यवस्थाएं**

**मुरैना।** सबलगढ़ एसडीएम मेघा तिवारी ने शुक्रवार को शासकीय



प्राथमिक विद्यालय टोंगा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के 3 शिक्षक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित शिक्षकों में रामदीन रावत, दिनेशचंद्र गौड़, महादेवी रावत शामिल हैं। तीनों शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है। निरीक्षण में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में भी गंभीर कमी पाई गई। निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था। इस पर मध्यान्ह भोजन प्रदाय करने वाले जय काली मां स्व-सहायता समूहए टोंगा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और दो दिन के अंदर उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

**स्कॉर्पियो के ड्राईवर पर धारा-106 का केस दर्ज**

**मुरैना।** दिमनी थाना क्षेत्र में विगत 22 अक्टूबर को स्कार्पियो क्रं . एमपी07-सीए-9200 के चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए मुरैना-अंबाह रोड पर घुसगवां गांव की चौकी से पहले रिंकू कुशवाह 23 पुत्र मंगल सिंह कुशवाह नि . गिरवाई ग्वालियर को टक्कर मार दी थी। रिंकू को जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद स्कॉर्पियो के ड्राईवर के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

**कोतवाली में दलित युवक की मारपीट-अपमान का केस दर्ज**

**मुरैना।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत महावीरपुरा की बलवीर डंडौतिया वाली गली में रहने वाले अमर खटीक 23 पुत्र रमेश खटीक की 13 नवंबर को फोसू यादव नि . महावीरपुरा ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट कर डाली और धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

**पहाड़गढ़ में महिला की मारपीट का मामला दर्ज**

**मुरैना।** पहाड़गढ़ थाना पुलिस ने महिला की मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार महिला श्रीमती हीरा मोंगिया 19 पत्नी दीपक मोंगिया निवासी नवलपुरा की 13 नवंबर की सुबह दीपक, मातादीन मोंगिया ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

**नूराबाद में तीन युवकों की मारपीट, मामला दर्ज**

**मुरैना।** नूराबाद क्षेत्र के धनेला गांव में रहने वाला सचिन 19 पुत्र राजवीर गुर्जर 13 नवंबर को अपने दोस्त कल्ली और बालिस्टर के साथ रथोल का पुरा गांव से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान विनोद, आशीष, राधेश्याम गुर्जर नि . धनेला और मुंशी गुर्जर नि . रथोल का पुरा ने तीनों की मारपीट कर डाली। जिससे उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

## एसआईआर में बीएलओ की गड़बड़ी की तुरंत शिकायत करें

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 14 नवंबर।** वोटर लिस्ट एसआईआर को लेकर मुरैना एवं सुमावली विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के बीएलए-2 का प्रशिक्षण शुक्रवार को आयोजित

**कांग्रेस के मुरैना-सुमावली विस के बीएलए-2 का प्रशिक्षण आयोजित**

हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम जौरा रोड स्थित महाराजा रिसोर्ट में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर





उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें याद किया। वक्ताओं ने पं. नेहरू के जीवन पर प्रकाश भी डाला।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी रामकिंकर, संतोष त्रिपाठी, पूर्व विधायक सत्यपाल सिकरवार, विधायक दिनेश गुर्जर, शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान कांग्रेस के बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को वोटर लिस्ट एसआईआर के संबंध में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि वोटर लिस्ट में नए नाम जोड़ने और फर्जी या मृत हो चुके व्यक्तियों के नाम हटाने के दौरान अगर संबंधित बीएलओ कोई गड़बड़ी करता है तो इस बात की शिकायत तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी से करें। प्रशिक्षण में स्वागत भाषण पूर्व जिपं उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिकरवार ने दिया। प्रशिक्षण के दौरान ननि सभापति राधारमण डंडौतिया, दीपक शर्मा, उदयवीर सिकरवार, सुभाष सिकरवार, जितेन्द्र डंगस, कल्पना कुशवाह, मुरैना प्रभारी गजेन्द्र कुशवाह, सुमावली प्रभारी देवेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में मुरैना एवं सुमावली विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज सिकरवार ने किया।



## महावीर शुक्ला हत्याकांड में फरार सोनू तोमर गिरफ्तार

**मुरैना, 14 नवंबर।** बीते दिनों पोरसा थाना क्षेत्र में हुई महावीर शुक्ला की हत्या के मामले में फरार चल रहे बदमाश सोनू तोमर निवासी खड़ियाहार को पुलिस ने शुक्रवार को सिहौनिया में बिजलीघर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा राउण्ड जब्त किए है। बता दें कि महावीर हत्याकांड में नामजद विश्वनाथ भदौरिया और एक अपचारी बालक को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में पोरसा थाना प्रभारी दिनेश कुशवाह, एसआई नाथूराम शर्मा, आर. पुष्पेन्द्र तोमर, सीताराम राजावत, सर्वेश, मनोज शामिल थे।

## विदिशा लव जेहाद केस के दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 14 नवंबर।** विदिशा जिले के मंडी बामौरा में मृतिका खुशबू अहिरवार से जुड़े लव जेहाद केस में दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर सकल हिंदू समाज के बैनर तले युवाओं ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया।

इस ज्ञापन में कहा गया है कि मृतिका खुशबू अहिरवार को

**सकल हिंदू समाज की ओर से कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन**

मुस्लिम समुदाय के युवक ने लव जेहाद का शिकार बनाकर निर्ममता से हत्या कर डाली थी। ज्ञापन में कहा गया है कि बीते कुछ सालों में लव जेहाद से जुड़ी घटनाओं में इजाफा हुआ है। इन मामलों में हिंदू समाज की भोलीभाली बच्चियों को फंसाया जा रहा है। इस प्रकार की घटनाओं से सकल हिंदू समाज स्तब्ध एवं आक्रोशित है। ज्ञापन में खुशबू अहिरवार केस की जल्द जांच कराए जाकर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में दिलीप पिप्पल, एचबी सिंह, सोनेराम, गिर्राज अर्गल, भावना, बसंती, अनूप राजावत, अरविंद सखवार, जगदीश जाटव, नत्थी माहौर, रामकुमार निगम, राकेश पारा, डॉ. हाकिम सिंह, राजेश खटीक, जितेन्द्र सिंह, लोकेन्द्र गौर आदि शामिल थे।

## बिहार में एनडीए की जीत - ढोल-नगाड़ों के साथ बांटी मिठाई, जश्न



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 14 नवंबर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए

**भाजपा जिलाध्यक्ष बोले बिहार की जनता ने जंगलराज को नकारा**

गठबंधन को मिली ऐतिहासिक जीत का मुरैना सहित जिले भर में भाजपाईयों ने शुक्रवार को जमकर जश्न मनाया।

जिला भाजपा कार्यालय पर ढोल-नगाड़ों के साथ जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया और डांस किया। उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाईयां दीं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कुशवाह ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए को वोट देकर सीएम नीतीश कुमार और पीएम नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों पर भरोसा जताया है। जनता ने महागठबंधन के जंगलराज को पूरी तरह से नकार दिया है। इस मौके पर महामंत्री अरविंद सिकरवार ने कहा कि बिहार में एनडीए गठबंधन की जीत से साबित हो गया है, कि देश की जनता को पीएम नरेन्द्र मोदी और भाजपा सरकार पर दृढ़ विश्वास है।

### रिटायर्ड पटवारी से काम कराने वाली महिला पटवारी निलंबित

**मुरैना, 14 नवंबर।** मुरैना ग्रामीण तहसील के मौजा दतहरा में पदस्थ पटवारी सरोज राजपूत द्वारा हल्का में अपनी जगह किसी रिटायर्ड पटवारी से काम कराया जा रहा था। इसका वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर एसडीएम भूपेंद्र सिंह कुशवाह ने उन्हें निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में पटवारी का मुख्यालय तहसील ग्रामीण मुरैना की कानूनगो शाखा निर्धारित की गई है।

### युवक की जेब से 9 हजार पार

**मुरैना/अंबाह, 14 नवंबर।** पीपरीपुरा गांव निवासी सुधीर गुरुवार को बाजार में भात की सामग्री खरीदने आए थे। इसी दौरान वे नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित महाकाल मिष्ठान भंडार पर नाश्ता करने के लिए रुक गए। सुधीर ने बताया कि कुछ देर बाद जब वे नाश्ता करके आगे बढ़े तो उन्हें पता चला कि उनकी जेब से नकद 9 हजार रुपये गायब हैं। शक होने पर जब वे वापस दुकान पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज देखा तो उसमें स्पष्ट दिखाई दिया कि उनके बगल में खड़ा एक युवक, जो नाश्ता ले रहा था, उसने मौका पाकर रुपए निकाल लिए।

## पं . जवाहरलाल नेहरू विकास व ध्येय की प्रतिमूर्ति थे : मुदगल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 14 नवंबर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन शुक्रवार को मनाया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष विक्रमराज मुदगल के नेतृत्व में सभी कांग्रेसियों ने स्थानीय नेहरू पार्क में एकत्रित होकर पं. नेहरू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। जिसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन पर अपने विचार भी व्यक्त किए।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष विक्रमराज मुदगल ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू न सिर्फ दूरदर्शी



थे बल्कि उनके अंदर विदेश नीति की समझ थी। आजादी के बाद वैश्विक स्तर पर उन्होंने देश को मजबूती प्रदान की। इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष प्रदीप रजक, अब्दुल रज्जाक पटेल, कुलदीप यादव, अशोक सिकरवार, गोविंद गोले, रहीस खान, पिंकी सिकरवार, लालू कुलश्रेष्ठ, आनंद रजक, प्रदीप, पवन जोशी, समीर खान, अरबाज खान, निरंजन राठौड़ आदि उपस्थित थे।

**जौरा विधायक कार्यालय पर मनाई गई पं . नेहरू की जयंती**

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं . जवाहरलाल नेहरू की जयंती शुक्रवार



को ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में कस्बा जौरा में विधायक पंकज उपाध्याय के कार्यालय पर मनाई गई। पं . नेहरू के चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिकरवार, अमरलाल, भूपेन्द्र सिकरवार, पवन कटारे, दिलीप गुर्जर, रामहेत त्यागी, बनवारी शाक्य, रघुवीर त्यागी, रोहित शाक्य, रमाकांत सक्सैना, डॉ . मुरारीलाल अमर आदि उपस्थित थे।